204. 'वीर विनोद' के अनुसार हल्दीघाटी युद्ध में मुगल सेना की संख्या कितनी थी?

(a) 80,000 (b) 10,000
(c) 40,000 (d) 16,000

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018
उद्योग निरीक्षक भर्ती परीक्षा- 2018 (24 जून, 2018)

Ans. (a) : हल्दी घाटी का प्रसिद्ध युद्ध जून, 1576 को मेवाड़ शासक महाराणा प्रताप तथा मुगल सेनापति मानसिंह व आसफ खाँ के बीच हुआ था जिसमें मुगल सेना विजयी हुई थी। इस युद्ध में राणा प्रताप एवं मुगल सेनाओं की वास्तविक संख्या पर एकमत नहीं हुआ जा सका है। श्यामलदास द्वारा लिखित काव्य ग्रंथ 'वीर विनोद' के अनुसार मुगल सैनिक 80 हजार थे, जबकि नैनसी के अनुसार मुगल सैनिको की संख्या 40 हजार व राणा प्रताप की सेना में 10 हजार सैनिक थे।

205. निम्नलिखित में से कौन से राजपूत सरदार हल्दीघाटी के युद्ध में राणा प्रताप के पक्ष में लड़े थे?

(i) रामसिंह तँवर (राम साहा)
(ii) बीदा झाला
(iii) रावत कृष्णदास चुण्डावत
(iv) अशोक परमार

कूटः

(a) i एवं iii (b) ii एवं iv
(c) i,ii, iii एवं iv (d) i,ii एवं iii

RPSC-2017

Ans. (d) : हल्दीघाटी के युद्ध जून, 1576 में महाराणा प्रताप के पक्ष में रामसिंह तँवर, बीदा झाला, तथा रावत कृष्णदास चुंडावत आदि लड़े थे। राणा पूँजा महाराणा प्रताप का सेनापति था।

206. 1578 ई. में कुम्भलगढ़ पर किसने आक्रमण किया-

(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) महमूद खिलजी
(c) शाहबाज खाँ (d) महमूद लोदी

JEN Mechanical Diploma 21.8.2016

Ans. (c) – वर्ष 1578 में कुम्भलगढ़ पर शाहबाज खाँ ने आक्रमण किया। यह युद्ध शाहबाज खाँ एवं राणा प्रताप के मध्य हुआ जिसमें राणा प्रताप विजयी हुए और चावंड को अपनी राजधानी बनाया।

207. दिवेर की लड़ाई .... के बीच लड़ी गई।

(a) अमर सिंह I और जहांगीर
(b) जयसिंह और औरंगजेब
(c) राणा प्रताप और अकबर
(d) उदय सिंह द्वितीय और अकबर

Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022

Ans. (c) : दिवेर की लड़ाई 1582 ई. में मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप और अकबर मध्य लड़ी गई थी। इस युद्ध में मुगल सेना का नेतृत्व सुल्तान खाँ कर रहा था और वह मारा गया। इस युद्ध को जेम्सटाड ने मेवाड़ का मैराथन कहा था।

208. कर्नल जेम्स टॉड ने किस युद्ध को 'मेवाड़ का मैराथन' कहा था?

(a) हल्दीघाटी का युद्ध (b) कुम्भलगढ़ का युद्ध
(c) दिवेर का युद्ध (d) गोगुन्दा का युद्ध

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I
कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

209. हकीम खां सूरी किसकी सेना का प्रमुख सेनापति था?

(a) शेरशाह सूरी (b) महाराणा सांगा
(c) महाराणा प्रताप (d) राव मालदेव

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (c) : हकीम खां सूरी महाराणा प्रताप की सेना का प्रमुख सेनापति था। हकीम खां सूरी, शेरशाह सूरी का वंशज था। हल्दीघाटी के युद्ध में उन्होंने महाराणा प्रताप के सेनापति के रूप में कमान संभाली।

210. मुगल प्रतिरोध के काल में महाराणा प्रताप ने कहाँ अपनी राजधानी स्थापित की?

(a) चावंड (b) गोगुन्दा
(c) उदयपुर (d) चित्तौड़

House Keeper-2022
सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत विभाग-2019
RPSC, Ajmer Exam Date-11-04-2015

Ans. (a) : हल्दी घाटी युद्ध जून, 1576 ई. के पश्चात महाराणा प्रताप राजस्थान के वर्तमान डूंगरपुर क्षेत्र में 'चावंड' को 1585 ई. में अपनी राजधानी स्थापित की। 19 जनवरी, 1597 को चावंड में ही महाराणा प्रताप की मृत्यु हो गयी।

211. चावण्ड, महाराणा प्रताप की कितने वर्षो तक राजधानी रही ?

(a) 15 (b) 20
(c) 12 (d) 16

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I
Basic Computer Anudeshak 18.06.2022
सहायक अग्निशमक अधिकारी (एएफओं) 2021
RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (c) : मेवाड़ के प्रसिद्ध शासक एवं योद्धा महाराणा प्रताप सिंह का जन्म 1540 ई. में हुआ था। उन्होने 1585 ई. पश्चिमी मेवाड़ के क्षेत्र में स्थित चावंड (वर्तमान डूगंरपुर) को राजधानी बनाई जो इनके जीवन पर्यत (मृत्यु–19 जनवरी 1597) तक राजधानी बनी रही। इस प्रकार लगभग 12 वर्षों तक (1585-1597) चावंड, राणा प्रताप की राजधानी बनी रही।

212. हल्दीघाटी के युद्ध को निम्न में से किस विद्वान ने 'खमनौर का युद्ध' कहा है?

(a) अबुल फजल (b) गोपीनाथ शर्मा
(c) कर्नल टॉड (d) बदायूँनी

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा- 2022
JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021
कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020

Ans. (a) : हल्दीघाटी का युद्ध महाराणा प्रताप और अकबर के मध्य जून, 1576 को हल्दीघाटी नामक तंग दर्रे (राजसमंद) में लड़ा गया। अबुल फजल ने इसे 'खमनौर का युद्ध', बदायूंनी ने 'गोगुन्दा का युद्ध' और कर्नल टॉड ने इसे 'मेवाड़ का थर्मोपल्ली' कहा है।

213. हल्दीघाटी युद्ध को बंदायूनी ने किस युद्ध की संज्ञा दी-

(a) गोगुन्दा युद्ध (b) दिवेर युद्ध
(c) खमनौर युद्ध (d) सिरोही, जालौर

JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016